महिला स्वास्थ्य और स्वच्छता पर वार्ता का आयोजन

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में मैट्रो मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल फरीदाबाद के सहयोग से "महिला स्वास्थ्य और स्वच्छता" पर एक वार्ता का आयोजन दिनांक 31 अगस्त, 2018 को किया गया .जिसमें डॉ. मधु गर्ग, एम.बी.बी.एस., एम.डी. ने विद्यार्थियों को माहवारी ओर रक्त अल्पता के विषय में PPT द्वारा विस्तृत जानकारी दी . श्री योगेश कुमार और श्री पारस भाटिया ने इस वार्ता को आयोजित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई .

प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि किसी भी बीमारी का इलाज उसकी जानकारी और जागरूकता में ही निहित है . ये दोनों ही समस्याएँ न केवल वर्तमान बल्कि लड़कियों के भावी जीवन को भी प्रभावित करती है . अतः इनके विषय में जागरूकता होना बहुत आवश्यक है . महाविद्यालय में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के आदेशों के अनुसार कैंटीन में जंक फूड पर पाबंदी लगा दी गई है . प्राचार्य ने विद्यार्थियों को जंक फूड के दुष्प्रभावों के विषय में बता कर उससे दूर रहने की सलाह दी . डॉ. मधु गर्ग ने माहवारी के समय स्वच्छता पर जोर दिया क्योंकि अस्वच्छता से कई प्रकार के संक्रमण हो सकते हैं . उन्होंने छात्राओं से बेझिझक अपने सवाल पूछने के लिए प्रेरित किया . उन्होंने माहवारी को लेकर समाज में फैली हुई भ्रांतियों पर भी चर्चा की . इसके साथ उन्होंने लड़कियों में होने वाली खून की कमी पर भी चर्चा की . इसके लिए उन्होंने गलत खान पान की आदतें, परिवार में लड़कियों से भेदभाव व जंक फूड को उत्तरदायी माना . यह वार्ता महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. गीता गुप्ता ने आयोजित की . इसमें बी.ए. व बी.कॉम. की लगभग 150 छात्राओं ने भाग लिया . डॉ. सारिका कांजलिया ने मंच संचालन तथा

धन्यवाद ज्ञापन किया . इस वार्ता में श्रीमती पूजा, श्रीमती विजया तथा डॉ. मीनाक्षी उपस्थित थी .